# यूपीआईटीएस 2025 का भव्य समापन: उत्तर प्रदेश बना व्यापार, निवेश और नवाचार का उभरता केंद्र

## *यूपीआईटीएस में इन्वेस्ट यूपी पवेलियन बना निवेश संवाद का केंद्र*

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, 29 सितंबर 2025**- **उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस)** 2025 अगले संस्करण के लिए विदा हो गया। इस समापन समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्रालय के माननीय मंत्री **श्री पीयूष गोयल** मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

श्री गोयल ने यूपीआईटीएस के माध्यम से एक गतिशील और समावेशी मंच बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ औद्योगिक और सांस्कृतिक क्षमताओं को प्रदर्शित करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने व्यापार, निवेश और वैश्विक सहयोग के नए द्वार खोले हैं। श्री गोयल ने टिप्पणी की, "यूपीआईटीएस एक प्रगतिशील भारत की भावना को दर्शाता—जहां  नवाचार, परंपरा और उद्यमिता एक मंच से परिवर्तन की प्रेरणा देती है।"

पांच दिवसीय आयोजन के दौरान **इन्वेस्ट यूपी** पवेलियन व्यापारिक संवाद का प्रमुख केंद्र बना रहा, जहाँ निवेशकों, स्टार्टअप्स और उद्यमियों ने नीति विशेषज्ञों व उद्योग प्रतिनिधियों से सीधे बातचीत की। इस मंच ने आगंतुकों को राज्य की क्षेत्र-विशिष्ट निवेश अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहनों के बारे में बताया। **इन्वेस्ट यूपी** के अधिकारियों ने ईज़ आफ डूइंग बिजनेस से संबन्धित प्रश्नों का उत्तर देकर राज्य की सक्रिय सहयोग भावना और पारदर्शी शासन की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

अपर मुख्य सचिव (अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास) **श्री आलोक कुमार** ने यूपीआईटीएस 2025 को एक **रणनीतिक पहल** बताया, जो नई साझेदारियों को बढ़ावा देने और उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक निवेश केंद्र बनाने में मदद करता है। उन्होंने **एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी)** की सफलता पर ज़ोर दिया, जिसने स्थानीय उत्पादों को **अंतरराष्ट्रीय बाज़ार** से जोड़कर निर्यात की संभावनाएं खोलीं हैं।

-------------------------------------